>

Title: Need to provide adequate medical facilities to Shree Krishna Medical college Hospital, Muzzaffarpur, to deal with encephalities.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे शून्य काल में एक बड़े ही महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात सदन में रखने का अवसर दिया है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली में गर्मी के मौसम में हर साल मई और जून के महीने में बिहार के अलग-अलग कस्बे के बच्चे चमकी बुखार नाम की बीमारी की चपेट में आते हैं और बच्चों के मरने का सिलसिला शुरू हो जाता है । चमकी बुखार को दिमागी बुखार भी कहा जाता है । यह इतनी खतरनाक और रहस्यमयी बीमारी है कि अभी तक विशेषज्ञ भी इसकी सही-सही वजह का पता नहीं लगा पाए हैं । चमकी बुखार में वास्तव में बच्चों के खून में शुगर और सोडियम की कमी हो जाती है । सही समय पर उचित इलाज नहीं मिलने की वजह से उनकी मौत हो सकती है । अभी गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है । यदि पहले से ही प्रशासन द्वारा चमकी बुखार से बचाव के उपाय कर लिए जायें, तो काफी बच्चों को इसकी चपेट में आने से बचाया जा सकता है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली के मुजफ्फरपुर जिले में श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल है, लेकिन वहां पर इलाज के लिए जरूरी संसाधनों की भारी कमी है । इस वजह से वहां पर चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों को उचित इलाज नहीं मिल पाता है । केन्द्र सरकार की तरफ से मैं इसमें सहयोग की मांग करती हूं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या पर ध्यान देकर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें ।

माननीय सभापति: श्री श्याम सिंह यादव ।

श्री रितेश पाण्डेय: सर…(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री श्याम सिंह यादव का रिकार्ड पर जाएगा ।

…(व्यवधान) … *

श्री रितेश पाण्डेय: सर, आप उनको बुलवा लीजिए । मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है ।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: There is no point of order during *'zero hour*'.

… (*Interruptions*)

श्री रितेश पाण्डेय : सर, …* का नाम लिया है और यह कहा है कि … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: There is no point of order during *'zero hour'.*

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : यह रिकार्ड पर नहीं जाएगा ।

…(व्यवधान) *

श्री रितेश पाण्डेय: सर, उसको रिकार्ड से हटाया जाए । …(व्यवधान)

माननीय सभापति : जो चीज आप बता रहे हैं, आप बैठ जाइये । जीरो अवर में कोई पॉइंट ऑफ ऑर्डर नहीं होता है । लेकिन जो चीज आप संज्ञान में ला रहे हैं, आप सुनिये ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सुनिये । आपस में बात मत कीजिए ।

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: There should not be any cross talk.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: There is no point of order during *'zero hour'*.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप जो बात संज्ञान में लाए हैं, हम उसको देख लेंगे । यह आश्वासन है ।

…(व्यवधान)

श्री रितेश पाण्डेय : सर, नाम लिया है ।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : हम देख लेंगे । हम आपको बता रहे हैं, देखना है ।

श्री श्याम सिंह यादव ।

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): जनाब सदर साहब, बहुत-बहुत शुक्रिया । मैं अपनी बात को 149 शब्द में खत्म करूँगा । मेरी आज की यह जीरो अवर की स्पीच…(व्यवधान)

माननीय सभापति : स्पीच नहीं, आपका जो इश्यू है, वह बता दीजिए ।